संख्या. ए-20011/सामान्य/09 (क)-हिन्दी (63)
भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

शिक्षित भारत विकसित भारत

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली -3/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date:- 14 मई, 2026

परिपत्र

विषय: पुलिस विज्ञान जर्नल के आगामी अंक के प्रकाशन हेतु लेख आमंत्रित करने के संबंध में।
संदर्भ: पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D) का पत्र सं. 16001/4/2020-हिंदी (7903) दिनांक 08.05.2026 ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के संबंध में अवगत कराया जाता है कि पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D) द्वारा छमाही हिंदी जर्नल "पुलिस विज्ञान" के आगामी अंक के प्रकाशन हेतु लेख आमंत्रित करते हुए इस संबंध मे निम्नलिखित विवरण दिए हैं :-

1. आगामी अंक में कुल 08 लेख प्रकाशित किए जाएंगे जिनमें से 04 लेख थीम आधारित होंगे तथा शेष 04 लेख पुलिसिंग से संबंधित विभिन्न विषयों पर होंगे-

क्र.सं.	थीम/विषय	प्रकाशित किए जाने वाले अंकों की संख्या
(क)	थीम- शहरी पुलिसिंग (Urban Policing)	4 लेख प्रकाशित किए जाएंगे (थीम आधारित)
(ख)	(1) अपराध नियंत्रण में फोरेंसिक की भूमिका, (2) सीमा सुरक्षा में प्रौद्योगिकी का उपयोग, (3) डार्क वेब के दुरुपयोग की रोकथाम, (4) साइबर अपराध, (5) ड्रोन का उपयोग और काउंटर ड्रोन प्रौद्योगिकी, (6) नए आपराधिक कानून, (7) वामपंथी उग्रवाद, (8) आपदा प्रबंधन, (9) महिला सुरक्षा, (10) पुलिस प्रशासन/प्रशिक्षण, (11) शांति व्यवस्था, (12) अपराधशास्त्र, (13) जेल प्रशासन एवं इनसे संबंधित अच्छे आचरण पर आधारित होंगे।	4 लेख प्रकाशित किए जाएंगे (पुलिसिंग से संबंधित विषयों पर)

2. इच्छुक लेखकों से निवेदन है कि लेख भेजते समय कृपया निम्नलिखित मानदंडों का ध्यान रखें:-

(i) लेख यूनिकोड (Unicode) समर्थित फॉन्ट (Mangal, Nirmala आदि) में टाइप किया गया हो तथा कम से कम 8 से 10 पृष्ठों (3000 से 5000 शब्द) का हो।

(ii) लेख की हार्ड प्रति उप निदेशक (एसपीडी), पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, राष्ट्रीय राजमार्ग-48, महिपालपुर, नई दिल्ली-110037 तथा सॉफ्ट प्रति (MS Word file) ब्यूरो के उप निदेशक (एसपीडी) / संपादक हिंदी के ई-मेल dig-spd1@bprd.nic.in अथवा satishdabral@bprd.nic.in पर भेजी जाए।

(iii) लेख के विषय उपर्युक्त पैरा-1 में स्पष्ट किए गए हैं।

(iv) लेख के साथ लेखक द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाए कि लेख मौलिक है तथा उसका अन्यत्र प्रकाशन नहीं हुआ है।

(v) लेख के साथ उसका सारांश एवं संदर्भ भी भेजे जाएं तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि लेख में वर्तनी संबंधी अशुद्धियाँ न हों।

(vi) लेखक अपना संक्षिप्त विवरण जैसे ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर एवं पासपोर्ट आकार का फोटो भी अवश्य भेजें।

(vii) कृपया ध्यान दें कि लेख भेजने का आशय यह नहीं है कि लेख मुद्रण हेतु BPR&D द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है। मुद्रण संबंधी अंतिम निर्णय लेने का अधिकार BPR&D का होगा।

3. जर्नल में प्रकाशित किए जाने वाले लेखों हेतु रु. 5000/- प्रति लेख मानदेय प्रदान किया जाता है।

अतः समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि यदि वे उपर्युक्त विषयों पर पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPR&D) हेतु लेख प्रस्तुत करना चाहते हों, तो अपना लेख उपर्युक्त दिशा-निर्देशों के अनुसार **दिनांक 15.06.2026** तक प्रेषित करें।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

अभिषेक यादव
14/05/2026
(अभिषेक यादव)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

प्रतिलिपि:-

1. समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी – स.नि.पु.बे. की वेबसाइट के माध्यम से।
2. सूचना एवं प्रौद्योगिकी अनुभाग – स.नि.पु.बे. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।